रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGd. NO. d. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORdINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHEd BY AUTHORITY

सं. 78] नई दिल्ली, मंगलवार, मार्च 4, 2014/फाल्गुन 13, 1935
No. 78] NEW DELHI, TUESDAY, MARCH 4, 2014/PHALGUNA 13, 1935

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण

अधिसूचना

मुम्बई, 3 मार्च, 2014

सं0 टीएएमपी/10/2014–पीपीटी.—महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (1963 का 38) की धारा 48, 49 एवं 50 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण, महापत्तनों में परियोजनाओं के लिए प्रशुल्क का निर्धारण करने के लिए संशोधित दिशा–निर्देशों, 2013 के अंतर्गत पारादीप पत्तन न्यास में बहु–प्रयोजनीय बर्थ के विकास के लिए संदर्भगत प्रशुल्क के निर्धारण के लिए पारादीप पत्तन न्यास से प्राप्त प्रस्ताव का एतद्द्वारा निपटान करता है, जो दिनांक 30 सितम्बर, 2013 की अधिसूचना सं. टीएएमपी/18/2013–विविध के अंतर्गत राजपत्र सं. 254 के तहत अधिसूचित की गई थी, जैसा कि इसके साथ संलग्न आदेश में दिया गया है।

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण
संख्या टीएएमपी/10/2014–पीपीटी

पारादीप पत्तन न्यास (पीपीटी) ———आवेदक

आदेश
(फरवरी, 2014 के 19वें दिन पास किया गया)

यह मामला, कंटेनरों के संचालन एंव कार्गो की साफ–सफाई के लिए पीपीटी में बहु–प्रयोजनीय बर्थ के विकास के लिए संदर्भगत प्रशुल्क के निर्धारण के लिए पारादीप पत्तन न्यास (पीपीटी) से प्राप्त प्रस्ताव से संबंधित है।

2. जहाज मंत्रालय (एमओएस) ने दिनांक 31 जुलाई, 2013 के अपने पत्र संख्या पी आर 14019/16/2012–पीजी के अंतर्गत महापत्तन प्रशुल्क अधिनियम, 1963 की धारा 111 के तहत महापत्तनों में परियोजनाओं के लिए प्रशुल्क का निर्धारण करने के लिए दिशा–निर्देश, 2013 दिनांक 31 जुलाई, 2013 को जारी किए थे। एमपीटी अधिनियम, 1963 की धारा के 111 के अंतर्गत (एमओएस) द्वारा जारी किए गए नीतिगत दिशा–निर्देशोंके अनुपालन में उकत दिशा–निर्देश, भारत के राजपत्र में अधिसूचना

संख्या टीएएमपी/18/2013–विविध के अंतर्गत राजपत्र संख्या 214 के तहत 8 अगस्त, 2013 को अधिसूचित किए गए थे। उकत दिशा–निर्देश 31 जुलाई, 2013 से प्रभावी हो गए थे।

3. पारादीप पत्तन न्यास (पीपीटी) द्वारा अपने दिनांक 14 अगस्त, 2013 के पत्र में दिए गए प्रस्ताव के आधार पर इस प्राधिकरण ने दिनांक 30 अगस्त, 2013 का आदेश संख्या टीएएमपी/38/2013–पीपीटी पारित किया था, जिसमें इस प्राधिकरण द्वारा उनके दिनांक 19 जनवरी, 2010 के आदेश के तहत तथा उसके बाद दिनांक 31 मार्च, 2010 के पुनरीक्षण आदेश द्वारा प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित पीपीटी की अपनी अपफ्रंट प्रशुल्क दरों को अपनाते हुए पीपीटी में कंटेनरों सहित साफ–सुथरे कार्गो के संचालन के लिए बहु–प्रयोजनीय बर्थ के लिए अनुकमाणिका में दिए गए संदर्भगत प्रशुल्क को निर्धारित किया गया था। उकत आदेश दिनांक 20 सितम्बर, 2013 को भारत के राजपत्र में राजपत्र सं. 246 के अंतर्गत अधिसूचित किया गया था।

4. उसके बाद एमओएस ने महापत्तन न्यास अधिनियम की धारा 111 के अंतर्गत महापत्तनों में परियोजनाओं के लिए प्रशुल्क का निर्धारण करने के लिए संशोधित दिशा–निर्देशजारी किए तथा उन्हें 9 सितम्बर, 2013 से प्रभावी बनाया। उकत संशोधित दिशा–निर्देश भारत के राजपत्र में राजपत्र सं. 254 के अंतर्गत दिनांक 30 सितम्बर, 2013 को अधिसूचित किए गए।

5.1 इस पृष्ठभूमि के मद्दे नजर में पीपीटी ने दिनांक 20 जनवरी, 2014 के अपने पत्र द्वारा महापत्तनों में पत्तन परियोजनाओं के लिए प्रशुल्क के निर्धारण के लिए संशोधित दिशा–निर्देशों 2013 के तहत पीपीटी में बहु–प्रयोजनीय बर्थ के विकास के लिए संदर्भगत प्रशुल्क में संशोधन करने के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। उकत प्रस्ताव में संशोधन करने के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। उकत प्रस्ताव में पीपीटी ने इस आधार पर कि बहु–प्रयोजनीय बर्थ के लिए अनुमोदित संदर्भगत प्रशुल्क कम है तथा बोली लगाने वालों ने यह उल्लेख करते हुए अभ्यावेदन दिया है कि परियोजना अधिसूचित संदर्भत प्रशुल्क पर भरोसे लायक नहीं हो सकती तथा उन्होंने, कंटेनर से संबंधित संचालनों के लिए विशाखापत्तनम पत्तन न्यास (पीपीटी) के लिए अनुमोदित अपफ्रंट प्रशुल्क, अन्य ब्रेक बहुल कार्गो एवं कुछ अन्य सेवाओं के लिए बहु–प्रयोजनीय बर्थ के लिए प्रस्ताव दिया था, पीपीटी ने अगस्त, 2013 में अनुमोदित अनुकमणिका में दिए गए संदर्भगत प्रशुल्क को बनाए रखने का प्रस्ताव दिया था।

5.2 कयोंकि 2013 के दिशा–निर्देशों में यह अपेक्षा की गई है कि पत्तन अपने पत्तन में अथवा किसी अन्य महापत्तन में यथा उपलब्ध अपफ्रंट प्रशुल्क को अपनाए तथा दिशा–निर्देश यह प्रावधान नहीं देता है कि विभिन्न वस्तुओं के लिए विभिन्न महापत्तनों से अपफ्रंट प्रशुल्क को लिया जाए एवं चुना जाए, अतः पीपीटी द्वारा प्रस्तुत किया गया प्रस्ताव 2013 के संशोधित दिशा–निर्देशों में निर्धारित दृष्टिकोण के अनुरूप नहीं था। उकत स्थिति को देखते हुए, पीपीटी का प्रस्ताव हमारे दिनांक 24 जनवरी, 2014 के पत्र के तहत लौटा दिया गया था तथा पीपीटी को कहा गया था कि हम पीपीटी के प्रस्ताव को वर्तमान रूप में आगे की कार्रवाई के लिए हाथ में नहीं ले सकेंगे। पीपीटी से यह भी अनुरोध किया गया था कि वह अपने प्रस्ताव पर, 2013 के संशोधित दिशा–निर्देशोंके खंड 2.4 में निहित अनुबंधों के आधार पर, यदि वह ऐसा चाहता है, पुनर्विचार करे।

6.1 इस संबंध में पीपीटी ने अपने दिनांक 31 जनवरी, 2014 के पत्र के अंतर्गत जवाब भेजा था। पीपीटी के जवाब से यह देखा गया कि कंटेनर के संचालन के लिए पीपीटी में उपलब्ध संदर्भगत प्रशुल्क तथा साफ–सुथरे बहु–प्रयोजनीय कार्गो के संचालन के लिए केपीटी में बहु–प्रयोजनीय कार्गो बर्थ के लिए निर्धारित अपफ्रंट प्रशुल्क को अपनाने के अपने पूर्व प्रस्ताव के बजाए पीपीटी ने 31 जनवरी, 2014 के अपने प्रस्ताव में एक ही पत्तन अर्थात् केपीटी की दो विभिन्न परियोजनाओं के संदर्भगत प्रशुल्क को अपनाने का प्रस्ताव दिया था। दूसरे शब्दों में कहें तो बहु–प्रयोजनीय कार्गो की साफ–सफाई के संचालन के लिए पीपीटी ने केपीटी की बहु–प्रयोजनीय बर्थ के अपफ्रंट प्रशुल्क को अपनाने (केस सं. टीएएमपी/35/2008–केपीटी, 7 फरवरी, 2013 को अधिसूचित) तथा कंटेनरों के संचालन के लिए पीपीटी ने केपीटी के कंटेनर टर्मिनल के संदर्भत प्रशुल्क को अपनाने (केस सं. टीएएमपी/43/2013–केपीटी, 21 अकटूबर, 2013 को अधिसूचित) का प्रस्ताव दिया था।

6.2 पीपीटी ने उकत पत्र द्वारा यह भी उल्लेख किया था कि संशोधित दिशा–निर्देशों में इस बात का उल्लेख नहीं है कि केवल सबसे नजदीकी पत्तन के प्रशुल्क पर विचार किया जाए तथा निर्देश यह अनुमति देता है कि किसी अन्य पत्तन के संदर्भगत प्रशुल्कों को अपनाया जाए तथा इस सुविधा के लिए प्रस्तावित उपकरण की समानता की आवश्यकता के संबंध में कोई प्रावधान नहीं है, जब तक कि टर्मिनल में वही वस्तुएँ संचालित की जाती हैं, जिनके संदर्भगत प्रशुल्क अपनाए जाने का प्रस्ताव है।

7.1 पीपीटी के दिनांक 31 जनवरी, 2014 के प्रस्ताव की समीक्षा की गई तथा यह पाया गया कि इस प्रस्ताव से महत्वपूर्ण मसले उठे हैं। तदनुसार, पीपीटी से हमारे दिनांक 5 फरवरी, 2014 के पत्र द्वारा यह अनुरोध किया गया कि हमारे द्वारा उठाए गए मुद्दों का बारीकी से शीघ्र ही जवाब प्रस्तुत किया जाए ताकि हम आगे की कार्रवाई कर सकें। पीपीटी से यह भी अनुरोध किया गया कि 2013 के संशोधित दिशा–निर्देशों (2008 के दिशा–निर्देशों के सिद्धांतों के आधार पर) के खंड 2.4 में निहित अनुबंधों पर आधारित अपना प्रस्ताव, यदि वह ऐसा चाहता हो, अध्ययन करने के लिए प्रस्तुत करे।

7.2 पीपीटी ने अपने दिनांक 7 फरवरी, 2014 के पत्र द्वारा जवाब भेजा है। हमारे द्वारा दिनांक 5 फरवरी, 2014 के पत्र में उठाए गए मुद्दे तथा पीपीटी के दिनांक 7 फरवरी, 2014 के पत्र के तहत उन पर दिए गए जवाबों को संक्षेप में नीचे तालिकाबद्ध रूप में दिया गया है:

क्र. सं.	हमारे द्वारा उठाए गए मुद्दे	पीपीटी के जवाब
(i)	पीपीटी ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि उसी पत्तन अर्थात् केपीटी की दो विभिन्न परियोजनाओं की दरें अपनाने का उनका प्रस्ताव कैसे 2013 के संशोधित दिशा–निर्देशों में निहित अनुबंधों के अनुसार सही एवं उचित बैठता है।	पारादीप पत्तन न्यास ने टीएएमपी के दिनांक 28.04.2010 को अधिसूचित किए गए प्रशुल्कों के आधार पर विषयगत परियोजना के लिए बोली की प्रकिया शुरू की थी, जिसे दिनांक 20.09.2013 की अधिसूचना सं. टीएएमपी/38/2013 पीपीटी के तहत कमबद्ध रूप में रखा गया था। बोली से पूर्व बैठक के दौरान, सूचीबद्ध किए आवेदकों ने अन्य महापत्तनों की तुलना में अपेक्षाकृत कम विशिष्ट के बारे में चिन्ता व्यकत की थी, जिसमें परियोजना के भरोसे–लायक होने पर प्रभाव पड़ने की बात कही थी। इसके अलावा, पीपीटी परियोजना के लिए कोई बोली प्राप्त करने में सफल नहीं रही। इस बात को ध्यान में रखते हुए, पत्तन ने पीपीटी में लागू प्रशुल्क की तुलना में अन्य महापत्तनों में उन्हीं वस्तुओं के प्रशुल्क की तुलना की तथा इस निष्कर्ष पर पहुँचा कि परियोजना के लिए अधिसूचित प्रशुल्क अपेक्षाकृत कम हैं। प्रशुल्क के दिशा–निर्देशों के अनुसार, यदि संबंधित महापत्तन न्यास में किसी विशिष्ट वस्तु के लिए निर्धारित उच्चतम प्रशुल्क, प्रस्तावित विकसित की जाने वाली परियोजना का प्रतिनिधित्व नहीं करता है तो संबंधित महापत्तन न्यास, टीएएमपी को किसी अन्य महापत्तन न्यास में 2008 के प्रशुल्क दिशा–निर्देशों के अंतर्गत निर्धारित किसी अन्य प्रशुल्क को प्रस्तावित कर सकता है, जो कि उस वस्तु का पर्याप्त ढंग से प्रतिनिधित्व करता हो तथा उसके लिए विस्तृत एवं पर्याप्त औचित्य दिया गया हो। इसलिए पीपीटी ने एक पत्तन न्यास अर्थात् कांडला परियोजना पत्तन न्यास के अंतर्गत दो अत्यधिक समान परियोजनाओं के संदर्भगत प्रशुल्क पर विचार करने का प्रस्ताव दिया है। जहाँ तक टीएएमपी की टिप्पणियों का संबंध है कि दरें दो विभिन्न परियोजनाओं की अपनाई गई हैं, हालांकि समान पत्तन अर्थात् केपीटी की हैं, इस संबंध में यह निवेदन किया जाता है कि पीपीटी के मामले में भी, हालांकि यह एक परियोजना है, टीएएमपी द्वारा परियोजना का दो घटकों में विभाजन करके प्रस्ताव पर पहले विचार किया गया था–अर्थात् कंटेनरकृत बर्थ एवं (ii) दूसरा साफ कार्गो घटक बर्थ तथा इन घटकों के प्रत्येक घटक के लिए अलग से विशिष्ट बर्थ हिस्सा एवं उपकरणों की अनुसूची आबंटित की गई थी। इस प्रकार से, बहु–प्रयोजनीय बर्थ की केपीटी की दरें (केससं. टीएएमपी/35/2008–केपीटी, दिनांक 7 फरवरी, 2013 को अधिसूचित) एवं कंटेनर बर्थ (केस सं. टीएएमपी/43/2013–केपीटी, दिनांक 21 अकतूबर, 2013 को अधिसूचित) हमारी परियोजना के लिए प्रस्तावित की गई हैं तथा केपीटी के अनुरूप कार्य–निष्पादन के मानक भी प्रस्तावित किए गए हैं।
(ii)	पीपीटी ने विस्तृत एवं पर्याप्त औचित्य प्रस्तुत नहीं किया है, जिससे यह पता चल सके कि केपीटी में दो विभिन्न परियोजनाओं की दरें 2013 को संशोधित दिशा–निर्देशों के खंड 2.2 में निहित अनुबंधों के अनुसार, पीपीटी की प्रस्तावित सुविधा के लिए प्रतिनिधि विशिष्टहोंगे।	
(iii)	पीपीटी द्वारा अपने प्रस्ताव में परिकल्पित कुछ प्रमुख पैरामीटरों/सुविधाओं के मूल्यों की तुलना, केपीटी की दो विभिन्न परियोजनाओं से संबंधित पैरामीटरों की तुलना नीचे तालिका में दी गई है:–	तलिकाओं में टीएएमपी द्वारा संकेत किए गए विभिन्न पैरामीटरों पर निम्नलिखित स्पष्टीकरण दिया जाता है:– (क) वर्तमान प्रस्ताव के लिए पीपीटी में कंटेनर के

<table>
<tr>
<td></td>
<td>
(क) कंटेनर के लिए
<table>
<tr><th>पैरामीटर</th><th>केपीटी के आदेश सं. टीएएमपी/43/2013–केपीटी दि. 04.10.2013 में अनुमोदित</th><th>पीपीटी में परिकल्पित</th></tr>
<tr><td>सुविधा की किस्म</td><td>समर्पित कंटेनर टर्मिनल</td><td>अन्य बहु–प्रयोजनीय कार्गो के साथ संचालित किए जाने वाले कंटेनर</td></tr>
<tr><td>प्रमुख संचालन उपकरण</td><td>रेल माउंटिड कवे केन (आरएमकयूसीएस)</td><td>100 टन क्षमता की हार्बर चल केन (एचएमसीएस)</td></tr>
<tr><td>उत्पादकता</td><td>25 मूव प्रति घंटा</td><td>16 मूव प्रति घंटा</td></tr>
</table>
(ख) बहु– प्रयोजनीय कार्गो
<table>
<tr><th>पैरामीटर</th><th>केपीटी के आदेश सं. टीएएमपी/35/2008–केपीटी दिनांक 14.10.2008 में अनुमोदित</th><th>पीपीटी में परिकल्पित</th></tr>
<tr><td>सुविधा की किस्म</td><td>1.5 एमएमटीपीए</td><td>2.77 एमएमटीपीए</td></tr>
<tr><td>प्रमुख संचालन उपकरण</td><td>25 टन क्षमता की केन की 2 संख्या तथा 50 टन क्षमता की 1 संख्या</td><td>100 टन क्षमता की हार्बर चल केन (एचएमसीएस)</td></tr>
<tr><td>उत्पादकता</td><td>10000 टन प्रति दिन</td><td>12500 टन प्रति दिन</td></tr>
</table>
उकत से यह देखा जा सकता है कि केपीटी में दो विभिन्न परियोजनाओं में पैरामीटरों के मूल्य, पीपीटी में परिकल्पित परियोजना से काफी अधिक भिन्न हैं। पीपीटी ने कारण नहीं बताए है कि पैरामीटरों के मूल्यों में इतना अधिक परिवर्तन होने के बावजूद भी पीपीटी में परिकल्पित परियोजना के लिए केपीटी के प्रशुल्क, दो विभिन्न आदेशों से केपीटी के प्रशुल्क दो विभिन्न आदेशों से केपीटी की दरों को अपनाने के लिए काफी हद तक प्रतिनिधित्व करते हैं।
</td>
<td>संचालन के लिए तथा साफ कार्गो के संचालन के लिए अपनाया गया कार्य–निष्पादन मानक वही है, जैसा कि केपीटी के लिए आदेश सं. टीएएमपी/43/2013 केपीटी दिनांक 4.10.2008 में अधिसूचित किया गया है। वर्तमान प्रस्ताव में हार्बर चल केन की उत्पादकता भी 50 मूव प्रति घंटा के रूप में ली गई है। इस संदर्भ में वर्तमान प्रस्ताव की प्रशुल्क अनुसूची एवं कार्य–निष्पादन के मानक को कृपया संदर्भ के रूप में देखा जाए।

(ख) टीएएमपी के दिशा–निर्देश केवल अन्य पत्तनों के संदर्भत प्रशुल्क को अपनाने को निर्धारित नहीं करते, भले ही परियोजनाओं की क्षमता समान हों। वास्तव में, कलकत्ता पत्तन न्यास ने वैजाग कंटेनर टर्मिनल के संदर्भगत प्रशुल्क को अपनाया है, चेन्नै पत्तन न्यास ने जेएनपीटी के चौथे कंटेनर टर्मिनल के संदर्भगत प्रशुल्क को अपनाया है तथा इसी प्रकार से कांडला पत्तन न्यास ने जेएनपीटी के चौथे कंटेनर टर्मिनल के संदर्भगत प्रशुल्क को अपनाया है, यद्यपि प्रत्येक टर्मिनल की क्षमता एक समान नहीं हैं।
(ग) क्षमता एवं उपकरणों की बनावट की दृष्टि से विभिन्न पत्तनों में दो परियोजनाएँ एक समान नहीं है। अतः जब तक कार्य–निष्पादन मानकों को बनाए रखा जाता है, तब तक संबंधित पत्तन के लिए यह औचित्यपूर्ण है कि वह, उसी वस्तु के लिए किसी अन्य प्रमुख पत्तन न्यास में 2008 के दिशा–निर्देशों के अंतर्गत निश्चित किए गए किसी अन्य प्रशुल्क को संदर्भगत प्रशुल्क के रूप में अपनाने के लिए टीएएमपी को प्रस्ताव दे।</td>
</tr>
<tr>
<td>(iv)</td>
<td>इसके अलावा, पीपीटी ने अपने दिनांक 31 जनवरी, 2014 के संशोधित प्रस्ताव में प्रस्तावित कार्य–निष्पादन मानक प्रस्तुत नहीं किए हैं, जिन्हें कृपया भेजा जाए क्योंकि उन्हें प्राधिकरण द्वारा संदर्भत प्रशुल्क के साथ अधिसूचित किया जाना है। ऐसा करते समय पीपीटी इस बात को सुनिश्चित करे कि प्रस्तावित कार्य–निष्पादन मानक, पीपीटी द्वारा अपनाए गए प्रशुल्क आदेशों के लिए अधिसूचित किए गए कार्य–निष्पादन मानक के अनुरूप हों।</td>
<td>उकत विषयक परियोजना के लिए प्रस्तावित संपूर्ण प्रशुल्क अनुसूची, कार्य–निष्पादन मानकों के साथ प्रस्तुत की गई है।</td>
</tr>
</table>

8.1 पीपीटी ने अपने दिनांक 18 फरवरी, 2014 के ई–मेल द्वारा निम्नलिखित मुख्य बातें रखी हैं:

(i) पीपीटी ने पीपीटी में एल्युमीनियम गुट्टिकाओं के उपलब्ध प्रशुल्क लिए थे, कयोंकि केपीटी में उल्लिखित प्रशुल्क – अधिसूचना में एल्युमीनियम गुट्टिकाओं का स्पष्ट उल्लेख नहीं है।

(ii) इस विषय की जांच करने पर यह पाया गया कि एल्युमीनियम गुट्टिकाओं, जिनमें उनकी किस्म, प्रकार एवं आकार शामिल है, के संचालन का तरीका लौह एवं इस्पात के परिष्कृत उत्पाद के समान है। एल्युमीनियम गुट्टिकाओं का संचालन करने वाले उपकरण, इस्पात के उत्पादों के समान होते हैं तथा ये उत्पाद, इस्पात के उत्पादों के लिए अधिसूचित आउटपुट की श्रेणी में आते हैं।

(iii) अतः एल्युमीनियम गुट्टिकाओं के लिए प्रशुल्क एवं कार्य–निष्पादन मानकों को स्टील के उत्पादों के समान अपनाने का प्रस्ताव दिया जाता है।

(iv) इस प्रकार से लौह एवं इस्पात उत्पादों के लिए निर्धारित प्रशुल्क ₹.447.25 प्रति मी.ट तथा कार्य–निष्पादन मानक 4000 मी. टन प्रति दिन को एल्युमीनियम गुट्टिकाओं के लिए निर्धारित किया जाए।

8.2 इसके बाद, पीपीटी ने अपने दिनांक 18 फरवरी, 2014 के एक अन्य ई–मेल के अंतर्गत कार्य–निष्पादन मानकों के संबंध में कुछ शर्तें प्रस्तावित की हैं।

9. इस मामले पर कार्रवाई करने के दौरान एकत्र की गई सूचना की समग्रता के संदर्भ में निम्नलिखित स्थिति उभरकर सामने आती है:

(i) इस प्राधिकरण ने साफ–सुथरे कार्गो के संचालन के लिए बहु–प्रयोजनीय बर्थ के विकास के लिए अपफ्रंट प्रशुल्क के निर्धारण के लिए, जिसमें महापत्तन न्यास, 2008 में पीपीपी परियोजनाओं के लिए अपफ्रंट प्रशुल्क निर्धारित करने के लिए दिशा–निर्देशों पर आधारित पीपीटी में कंटेनर शामिल हैं, दिनांक 19 जनवरी, 2010 को आदेश सं. टीएएमपी/43/2009–पीपीटी पास किया था तथा उसके बाद दिनांक 31 मार्च, 2010 को समीक्षा आदेश पास किया था। कंटेनरों सहित सभी कार्गो को 100 टन क्षमता की हार्बर चल केनों (एचएमसीएस) से संचालित किए जाने की परिकल्पना की गई थी।

(ii) उसके पश्चात् पीपीटी द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव के आधार पर तथा 2013 के प्रशुल्क दिशा–निर्देशों को पालन करते हुए, इस प्राधिकरण ने वर्ष 2010 में अनुमोदित पीपीटी अपफ्रंट प्रशुल्क दरों पर आधारित बहु–प्रयोजनीय बर्थ के लिए तालिकाबद्ध संदर्भगत प्रशुल्क निर्धारित करने के लिए दिनांक 30 अगस्त, 2013 को आदेश सं.टीएएमपी/38/2013–पीपीटी पास किया है।

(iii) 2013 के संशोधित प्रशुल्क दिशा–निर्देशों के खंड 2.2 में अन्य के साथ–साथ यह विनिर्दिष्ट किया गया है कि महात्तन न्यास में किसी वस्तु के लिए यदि कोई प्रशुल्क निर्धारित नहीं किया गया है अथवा संबंधित महापत्तन में किसी विशिष्ट वस्तु के लिए निर्धारित उच्चतम प्रशुल्क , विकसित की जाने वाली प्रस्तावित परियोजना का प्रतिनिधित्व नहीं करता है तो ऐसी स्थिति में संबंधित पत्तन न्यास, किसी अन्य महापत्तन न्यास में 2008 के प्रशुल्क दिशा–निर्देशों के अंतर्गत निर्धारित कोई भी अन्य प्रशुल्क प्राधिकरण को प्रस्तावित कर सकता है, जो कि उस वस्तु का काफी हद तक प्रतिनिधित्व करता हो, जिसमें विस्तृत एवं पर्याप्त औचित्य दिया गया हो।

(iv) इस आधार पर कि पीपीटी के संबंध में अगस्त, 2013 में निर्धारित संदर्भगत प्रशुल्क कम है तथा बोली देने वालों ने यह अभ्यावेदन दिया है कि अधिसूचित संदर्भगत प्रशुल्क पर परियोजना भरोसे–लायक नहीं है, पीपीटी ने कांडला पत्तन न्यास (केपीटी) में दो विभिन्न परियोजनाओं के लिए निर्धारित संदर्भगत प्रशुल्क अपनाने अर्थात् साफ–सुथरे बहु–प्रयोजनीय कार्गो के संचालन के लिए, प्रस्ताव दिया है, पीपीटी ने केपीटी बहु–प्रयोजनीय बर्थ एवं कंटेनरों के संचालन के लिए अपफ्रंट प्रशुल्क को अपनाने के लिए, पीपीटी ने केपीटी कंटेनर टर्मिनल के संदर्भगत प्रशुल्क को अपनाने के लिए प्रस्ताव दिया है।

इस संबंध में तथा पीपीटी द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण के समर्थन में और केपीटी में दो विभिन्न परियोजनाओं में तथा पीपीटी में प्रस्तावित परियोजना से प्राप्त किए गए पैरामीटरों के मूल्यों में काफी बड़े परिवर्तन के संदर्भ में, पीपीटी ने यह तक दिया है कि प्राधिकरण ने पहले भी कोलकत्ता पत्तन न्यास (केपीटी) को विशाखापटनम पत्तन न्यास (पीपीटी) कंटेनर टर्मिनल के लिए निर्धारित अपफ्रंट प्रशुल्क अपनाने तथा कांडला पत्तन न्यास (केपीटी) एवं चेन्नै पत्तन न्यास (सीएचपीटी) को जवाहरलाल नेहरू पत्तन न्यास (जेएनपीटी) कंटेनर टर्मिनल के लिए निर्धारित अपफ्रंट प्रशुल्क अपनाने की अनुमति दी थी। इस संबंध में पीपीटी द्वारा यह नोट किया जाए कि जब केओपीटी को वीपीटी अपफ्रंट प्रशुल्क अपनाने की अनुमति दी गई थी तथा केपीटी को जेएनपीटी अपफ्रंट प्रशुल्क अपनाने की अनुमति दी गई थी, तब न तो केओपीटी के और न ही केपीटी कंटेनर टर्मिनल के लिए अपने अपफ्रंट
प्रशुल्क थे, अतः जैसा कि दिशा–निर्देशोंमें विनिर्दिष्ट है, उन्हें कमशः पीपीटी एवं जेएनपीटी के अपफ्रंट प्रशुल्क अपनाने की अनुमति दी गई थी। हालांकि सीएचपीटी के मामले में भी जिसके कंटेनर टर्मिनल के लिए अपने अपफ्रंट प्रशुल्क थे, पीपीटी को यह भी नोट करना चाहिए कि उस समय सीएचपीटी द्वारा दिए गए औचित्य के आधार पर, जैसा कि संबंधित संदर्भत प्रशुल्क आदेश में अंकित किया गया है, सीएचपीटी को, 2013 के दिशा–निर्देशोंमें यथा विनिर्दिष्ट, जेएनपीटी के अपफ्रंट प्रशुल्क को अपनाने की अनुमति दी गई थी। केओपीटी, केपीटी एवं सीएचपीटी के संबंध में पास किए गए संदर्भगत प्रशुल्क आदेश, 2013 के प्रशुल्क दिशा–निर्देशों में निहित विनिर्देशों के अनुरूप हैं।

जहाँ तक पीपीटी द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव का संबंध है, यहाँ यह उल्लेख करना तकसंगत होगा कि यदि पीपीटी में उपलब्ध संदर्भगत प्रशुल्क , पीपीटी के लिए पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं करता है तो यह किसी अन्य न्यास में उसी वस्तु के लिए निर्धारित अपफ्रंट प्रशुल्क को, जैसा कि 2013 के संशोधित दिशा–निर्देशोंमें विनिर्दिष्ट किया गया है, अपना सकता है। पीपीटी की परियोजना में कंटेनरों एवं साफ–सुथरे बहु–प्रयोजनीय कार्गो का संचालन परिकल्पित है। इस प्राधिकरण द्वारा अब तक निपटाए गए अपफ्रंट प्रशुल्क के निर्धारण से संबंधित मामलों में अपफ्रंट प्रशुल्क का निर्धारण या तो समर्पित कंटेनर टर्मिनल के लिए या फिर समर्पित बहु–प्रयोजनीय कार्गो बर्थ के लिए किया गया है। इस परियोजना की विशिष्टता को ध्यान में रखते हुए, जिससे असाधारण स्थिति पैदा हुई है तथा जिसमें एक विशिष्ट पत्तन की दो विभिन्न परियोजनाओं से दरें अपनाना जरूरी हो गया है, यह प्राधिकरण इस संबंध में पीपीटी द्वारा अनुमोदित दृष्टिकोण को अनुमोदित करने में प्रवृत्त हुआ है। चेतावनी के उपाय के रूप में यह स्पष्ट किया जाता है कि पीपीटी में परियोजना की विशिष्टता के कारण एक विशिष्ट पत्तन की दो विभिन्न परियोजनाओं से दरों को अपनाने के लिए पीपीटी द्वारा अपनाया गया दृष्टिकोण, किसी अन्य महापत्तन के सिलसिले में संदर्भगत प्रशुल्क के निर्धारण में 'पूर्व–उदाहरण' के रूप में उद्धृत न किया जाना चाहिए।

(v) पीपीटी में कंटेनरों के संचालन के लिए केपीटी कंटेनर टर्मिनल की दरें अपनाने वाले पीपीटी के संदर्भ में निम्नलिखित मुद्दों का उल्लेख करना प्रासंगिक है:

(क) प्रस्तावित संदर्भगत प्रशुल्क अनुसूची में पीपीटी ने परिभाषाओं तथा सामान्य नियमों एवं शर्तों का प्रस्ताव नहीं दिया है जो कि केपीटी की संदर्भगत प्रशुल्क अनुसूची का हिस्सा बनेगा। इसके अलावा, संचालन प्रभारों, भंडारण प्रभारों एवं विविध प्रभारों को लगाने के लिए शासित की जाने वाली विभिन्न शर्तें भी पीपीटी द्वारा प्रस्तावित नहीं की गई हैं। क्योंकि पीपीटी ने केपीटी की संदर्भत प्रशुल्क अनुसूची अपनाने का प्रस्ताव दिया है, अतः कंटेनरों के संबंध में पीपीटी की संदर्भगत प्रशुल्क अनुसूची में केपीटी की संदर्भगत प्रशुल्क अनुसूची का हिस्सा बनने वाली परिभाषाओं एवं सामान्य नियमों एवं शर्तों को तथा अन्य सभी शर्तों को उपयुकत ढंग से शामिल किया गया है।

(ख) 2013 के संशोधित दिशा–निर्देश यह विनिर्दिष्ट करते हैं कि संदर्भगत प्रशुल्क को अपनाते समय 2008 के प्रशुल्क दिशा–निर्देशों के अंतर्गत निर्धारित प्रशुल्क , डब्लूपीआई के 60% की सीमा तक प्रति वर्ष बढ़ाए जाएँगे, जैसा कि 2008 के दिशा–निर्देशोंके अंतर्गत इस प्राधिकरण के संबंधित प्रशुल्क आदेश में यथा निर्धारित वर्ष की पहली जनवरी एवं अगले संबंधित वर्ष की पहली जनवरी के बीच की अवधि के लिए होंगे, जब संबंधित विशिष्ट परियोजना के लिए संदर्भगत प्रशुल्क अधिसूचित किए जा रहे हों।

केपीटी कंटेनर टर्मिनल के लिए संदर्भगत प्रशुल्क , जो पीपीटी में कंटेनरों के संचालन के लिए संदर्भगत प्रशुल्क के लिए आधार बनेगा, अकतूबर, 2013 में अधिसूचित किए गए थे। प्रसंगवश, केपीटी कंटेनर टर्मिनल के लिए संदर्भगत प्रशुल्क , 2008 के अपफ्रंट दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए जेएनपीटी कंटेनर टर्मिनल के संबंध में निर्धारित अपफ्रंट प्रशुल्क को अपनाया गया था। केपीटी की संदर्भगत प्रशुल्क अनुसूची में विशेष रूप से इस बात का उल्लेख है कि उकत आदेश में अनुमोदित संदर्भगत प्रशुल्क दरों में सूचकांकबद्ध करने के लिए थोक मूल्य सूचकांक (डब्लूपीआई) का आधार वर्ष 1 जनवरी, 2013 होगा। पीपीटी के वर्तमान मामले के संबंध में कयोंकि इस केस को वर्ष 2014 में अंतिम रूप दिया जा रहा है, अतः पीपीटी में कंटेनरों के संचालन के लिए संदर्भगत प्रशुल्क को वर्ष

2013 एवं वर्ष 2014 के बीच पड़ने वाले सूचकांक कारक के संदर्भ में सूचकांकबद्ध किया जाना है। इस संबंध में वर्ष 2014 के लिए लागू होने वाला सूचकांक कारक, नवम्बर एवं दिसम्बर, 2013 के महीनों के लिए अंतिम थोक मूल्य सूचकांक (केवल अनंतिम आंकड़े उपलब्ध हैं) आंकड़ों के कारण निश्चित नहीं किया गया है। अतः वर्ष 2013 के रूप में केपीटी का सूचकांक में उल्लिखित संदर्भगत प्रशुल्क , पीपीटी के मामले में निर्धारित किया गया है।

तथापि, वर्ष 2013 से संबंधित संदर्भगत प्रशुल्क (वर्ष 2013 के लिए यथा लागू सूचकांक कारक पर आधारित) को अपनाने से पीपीटी के सफल बोली लगाने वालों को प्रतिकूल परिस्थिति का सामना नहीं करना पड़ेगा, कयोंकि पीपीटी के लिए अनुमोदित संदर्भगत प्रशुल्क अनुसूची में यह उल्लेख किया जाएगा कि उकत आदेश में अनुमोदित संदर्भगत प्रशुल्क दरों में सूचकांक के लिए थोक मूल्य सूचकांक (डब्लूपीआई) का आधार वर्ष 1 जनवरी, 2013 होगा तथा इस प्रकार से सफल बोली लगाने वाले का प्रशुल्क , वर्ष 2013 के आधार–वर्ष के तथा उस वर्ष के संदर्भ में निश्चित किया जाएगा, जिसमें वह संचालन प्रारंभ करता है।

(ग) कंटेनरों के लिए कार्य–निष्पादन मानकों के संबंध में कयोंकि पीपीटी ने केपीटी की सन्दर्भगत प्रशुल्क अनुसूची को अपनाने का प्रस्ताव किया है, अतः पीपीटी ने केपीटी कंटेनर टर्मिनल के मामले में, यथा निर्धारित, प्रति घंटा 25 मूव के कार्य–निष्पादन मानक को उचित रूप में स्वीकार किया है। इस प्रकार से पीपीटी ने 100 टन क्षमता की एचएमसी लगाए जाने के आधार पर पीपीटी में 25 मूव प्रति घंटे की उपलब्धि की परिकल्पना की है। पीपीटी को सूचित किया जाता है कि वह अपने बोली दस्तावेज में इस स्थिति को उपयुकत रूप में और इसके पश्चात् इस स्थिति को सफल बोली लगाने वाले के साथ पीपीटी द्वारा किए जाने वाले छूट करारनामा में सम्मिलित किया जाए।

आयात और निर्यात कंटेनरों के लिए मार्गस्थ भंडारणड्वैल समय और प्राप्ति/सुपुर्दगी संबंधी कार्य के लिए टर्नएराण्ड समय के संबंध में पीपीटी द्वारा निर्धारित अन्य कार्य–निष्पादन मानकों को भी देखा जाना है कि वे केपीटी कंटेनर टर्मिनल की सन्दर्भगत प्रशुल्क अनुसूची में निर्धारित कार्य–निष्पादन के मानकों के अनुरूप हों।

कार्यनिष्पादन मानकों की वसूली को शासित करने वाली शर्तें पत्तन द्वारा यथा प्रस्तावित निर्धारित की गई हैं।

(vi) पीपीटी में कार्गो की साफ–सफाई का संचालन करने के लिए केपीटी के बहु–प्रयोजनीय कार्गो की दर को अपनाने के संबंध में निम्नलिखित बातों का उल्लेख करना प्रासंगिक है:

(क) प्रस्तावित सन्दर्भगत प्रशुल्क अनुसूची में भी पीपीटी ने परिभाषाओं और सामान्य शर्तों एवं नियमों को प्रस्तावित नहीं किया है जो केपीटी के बहुद्देशीय कार्गो प्रशुल्क अनुसूची का हिस्सा हैं। इसके अतिरिकत प्रभारों, भंडारण प्रभार और विविध प्रभार लगाए जाने को नियंत्रित करने वाली विभिन्न शर्तों को भी पीपीटी द्वारा प्रस्तावित रूप में न देखा जाए। कयोंकि पीपीटी ने केपीटी की अपफ्रन्ट प्रशुल्क अनुसूची को स्वीकार करने का प्रस्ताव दिया है, अतः परिभाषाओं और सामान्य शर्तों एवं नियमों और अन्य सभी शर्तों, जो कि केपीटी के अपफ्रन्ट प्रशुल्क अनुसूची का हिस्सा हैं, को बहुद्देशीयकार्गो के संबंध में पीपीटी की सन्दर्भगत प्रशुल्क अनुसूची में उपयुकत रूप में सम्मिलित किया जाता है।

(ख) केपीटी के बहु–प्रयोजनीय कार्गो की अपफ्रन्ट प्रशुल्क अनुसूची (i) खाद्यान्न और उर्वरक, (ii) तापीय कोयला (iii) कोयला, (तापीय कोयले से भिन्न), चूना–पत्थर, खनिज,चीनी, नमक आदि (iv) अन्य सूखे ढेर, (v) स्टील और बैग में बंद कार्गो और (vi) लकड़ी के लट्ठों का संचालन करने के लिए प्रति टन दरों को निर्धारित करती है।

पीपीटी ने अपनी संदर्भगत प्रशुल्क अनुसूची में (i) लौह एवं इस्पात उत्पादों, (ii) एल्युमिनियम की गुट्टिकाओं, (iii) कच्चे लोहे, (iv) तैयार उर्वरकों, (v) खाद्यान्नों और (vi) चीनी के संबंध में, निम्नलिखित ढंग से केपीटी की प्रति टन दर को अपनाते हुए, निम्न रूप में दरों का प्रस्ताव किया है।

क.सं.	पीपीटी द्वारा स्वीकार किया गया	केपीटी अपफ्रन्ट प्रशुल्क अनुसूची के संदर्भ में
(i)	लौह और इस्पात उत्पाद	इस्पात और बैग में बंद कार्गो
(ii)	एल्युमिनियम गुट्टिकाएँ	इस्पात और बैग में बंद कार्गो
(iii)	कच्चा लोहा,	अन्य सूखा ढेर
(iv)	तैयार उर्वरक	खाद्यान्न एवं उर्वरक
(v)	खाद्यान्न	खाद्यान्न एवं उर्वरक
(vi)	चीनी	कोयला (तापीय कोयले से भिन्न) चूना–पत्थर, खनिज, चीनी, नमक

यहाँ यह बताना प्रासंगिक है कि एल्युमिनियम गुट्टिकाओं का प्रबन्ध करने के लिए केपीटी में बहुप्रयोजनीय कार्गो अपफ्रन्ट अनुसूची में कोई दर निर्धारित नहीं की गई है। तथापि, इस आधार पर कि एल्युमिनियम गुट्टिकाओं की प्रकृति, किस्म और माप, लौह एवं इस्पात के तैयार उत्पादों की प्रकृति, किस्म और माप के समान है, अतः पीपीटी ने एल्युमिनियम गृट्टिकाओं के लिए भी लौह एवं स्टील उत्पादों की दर को अपनाने के लिए प्रस्ताव भेजा है। पीपीटी ने यह भी उल्लेख किया है कि क्योंकि एल्युमिनियम गृट्टिकाओं का संचालन करने के लिए प्रयोग में लाए जाने वाले प्रस्तावित उपकरण इस्पात उत्पादों के उपर्युकत के समान हैं, अतः एल्युमिनियम गुट्टिकाओं के मामले में अपेक्षित उत्पाद भी इस्पात उत्पादों के लिए अधिसूचित उत्पाद की श्रेणी में होंगे। पत्तन द्वारा प्रस्तुत औचित्य के आधार पर और लौह एवं इस्पात उत्पादों के साथ सममूल्य पर एल्युमिनियम गुट्टिकाओं को मानने के लिए पत्तन के निर्णय पर विश्वास करते हुए, एल्युमिनियम गुट्टिकाओं के संदर्भगत प्रशुल्क के रूप में लौह एवं इस्पात उत्पादों के संबंध में संदर्भगत प्रशुल्क निर्धारित करने हेतु पीपीटी के प्रस्ताव को अनुमोदित किया जाता है।

(ग) केपीटी के प्रशुल्क को स्वीकार करते समय, अकटूबर 2008 के आदेश के अंतर्गत केपीटी में बहुप्रयोजनीय कार्गो बर्थ के लिए पीपीटी ने अनुमोदित प्रशुल्क सीमा पर 26.15% के सूचकांकघटक को लागू किया है। सूचकांक घटक को सूचकांक घटक के रूप में देखा जाता है जो कि 1 जनवरी 2008 की स्थिति के अनुसार डब्लूपीआई को आधार बनाकर वर्ष 2013 में नियत किए गए सन्दर्भगत प्रशुल्क के लिए लागू होने वाले सभी महापत्तन न्यासों को हमारे द्वारा सूचित किया गया है। क्योंकि मामले को वर्ष 2014 में अन्तिम रूप दिया जा रहा है, अतः वर्ष 2008 और वर्ष 2014 के बीच होने वाले सूचकांक घटक के सन्दर्भ में पीपीटी में बहुप्रयोजनीय साफ–सुथरे कार्गो का प्रबन्ध करने के लिए सन्दर्भगत प्रशुल्क को सूचीबद्ध किया जाना है। जैसाकि पूर्व में कहा गया है वर्ष 2014 के लिए लागू किए जाने वाले सूचकांक घटक को निश्चित नहीं किया गया है।

पहले ऊपर बताए गए कारणों के लिए पीपीटी में बहुप्रयोजनीय साफ–सुथरे कार्गो का प्रबन्धन करने के लिए सन्दर्भगत प्रशुल्क निर्धारित है, जो वर्ष 2013 के लिए यथा लागू सूचकांक घटक के आधार पर निकाले गए संदर्भगत प्रशुल्क पर आधारित है, जैसाकि पीपीटी द्वारा किया गया है। इस संबंध में पीपीटी द्वारा निर्धारित किए गए सूचीबद्ध सन्दर्भगत प्रशुल्क को उचित पाया गया है जो कि प्रशुल्क मदों में दरों को पूर्णांकित किए जाने के कारण उठने वाले छोटे–मोटे संशोधनों के अधीन हों। इस प्रकार के संशोधन कर लिए गए हैं।

(घ) वर्ष 2013 के संशोधित प्रशुल्क दिशा–निर्देशों के खण्ड 2.2 में यह अपेक्षित है कि इस प्राधिकरण द्वारा कार्य–निष्पादन मानकों के साथ सन्दर्भगत प्रशुल्क निर्धारित किया जाए। यद्यपि वर्ष 2013 के संशोधित दिशा–निर्देशों में यह अपेक्षित नहीं है कि यह प्राधिकरण पत्तन द्वारा प्रस्तावित कार्य–निष्पादन मानकों की जांच करे और यह अनुमान लगाना तक संगत होगा कि पत्तन तक संगत और पहुँचने योग्य मानकों को प्रस्तावित करे।

पीपीटी ने खाद्यान्नों और उर्वरकों, इस्पात एवं बैग में बंद कार्गो, अन्य सूखे बहुल कार्गों एवं अन्य सामानों के संबंध में कार्य–निष्पादन मानकों को प्रस्तावित किया है। जिन कार्गो मदों के संबंध में कार्य–निष्पादन मानकों का प्रस्ताव किया गया है, उन्हें ऐसी कार्गो मदों के साथ मिलान करने के लिए नहीं देखा जाता है जिसके लिए पीपीटी द्वारा सन्दर्भगत प्रशुल्क अनुसूची में सन्दर्भगत प्रशुल्क का प्रस्ताव भेजा गया है। अब तक सन्दर्भगत शुल्क के निर्धारण में जिन कार्गो मदों के लिए कार्य–निष्पादन मानकों का प्रस्ताव भेजा गया है, वे सामान्यतया उन कार्गो मदों से मेल खाती हैं, जिनके लिए सन्दर्भगत प्रशुल्क अनुसूची में प्रशुल्क का प्रस्ताव भेजा गया है। जैसा कि पहले बताया गया है कि पीपीटी के निर्णय के आधार पर लौह एवं इस्पात उत्पादों के संबंध में कार्य–निष्पादन मानकों को भी एल्युमिनियम गुट्टिकाओं के कार्य–निष्पादन मानक के रूप में निर्धारित किया जाता है। अतः केवल लौह एवं इस्पात उत्पादों, एल्युमिनियम गुट्टिकाओं, कच्चे लौहे, तैयार उर्वरक, खाद्यान्न एवं चीनी के लिए निर्धारित है। पीपीटी ने खाद्यान्नों और उर्वरकों के मामले में 7500 टन प्रति दिन, इस्पात एवं बैग में बंद कार्गो और अन्य सूखा बहुल–कार्गों के संबंध में प्रत्येक 4000 टनप्रति दिन और अन्यों के संबंध में 2500 टन प्रतिदिन के आधार पर संकेतात्मक मानदण्ड निर्धारित करके कार्य–निष्पादन मानकों का प्रस्ताव भेजा है।

नोट के वास्तविक हिस्से में जैसा कि बताया गया है कि केपीटी में बहुप्रयोजनीय बर्थ में परिकल्पित उपकरण प्रोफाइल में 25 टन क्षमता की 2 केनें और 50 टन क्षमता की 1 केन है, जबकि पीपीटी स्वच्छ कार्गो को सम्भालने के लिए 100 टन क्षमता की 1 हार्बर चल–केन लगाए जाने की परिकल्पना करती है। इस स्थिति के बावजूद कि पीपीटी में प्रचालक, उच्च क्षमता की एचएमसी लगाएगा, पत्तन द्वारा प्रस्तावित कार्य–निष्पादन मानक अपेक्षाकृत न्यून होने के रूप में देखे जाते हैं, जब केपीटी के अपफ्रन्ट प्रशुल्क के निर्धारण में विचार में लिए गए उत्पादन स्तर के साथ तुलना की जाती है। कार्य–निष्पादन मानक के रूप में अपेक्षाकृत न्यून उत्पादकता को अपनाए जाने का कारण स्पष्ट किया जाना शेष है।

कोयले का संचालन करने वाले टर्मिनल और बहुप्रयोजनीय ऑफ शोर कार्गो टर्मिनल के लिए मुम्बई पत्तन न्यास (एमबीपीटी) के प्रस्ताव के लिए सन्दर्भगत प्रशुल्क का निर्धारण करने हेतु कोचीन पत्तन न्यास के प्रस्ताव का अनुमोदन करते समय इस प्राधिकरण

के ध्यान में यह आया है कि इन दो मामलों में संबंधित महापत्तन न्यासों द्वारा प्रस्तावित कार्य–निष्पादन मानक अत्यधिक रूप से कम है।

वर्ष 2013 के खण्ड 2.5 के संशोधित दिशा–निर्देशों में यह शर्त निर्धारित है कि टीएएमपी द्वारा अधिसूचित सन्दर्भगत प्रशुल्क और कार्य–निष्पादन मानक का उल्लेख बोली दस्तावेज में और पीपीपी परियोजनाओं के संबंध में 'छूट करारनामा' में बाद में उल्लेख किया जाएगा। उकत दिशा–निर्देशोंके अनुसार, छूट करारनामा में समाविष्ट स्तर पर कार्य–निष्पादन मानकों की उपलब्धि पर प्रचालक सूचीबद्ध सन्दर्भगत प्रशुल्क के ऊपर 15% तक ऊर्ध्वगामी बढ़ोत्तरी की मांग करने का पात्र है। अतः प्रशुल्क बढ़ोत्तरी का दावा करने के लिए कार्य–निष्पादन मानकों की उपलब्धि वर्ष 2013 के दिशा–निर्देशों का आधार है। महापत्तन न्यासों के प्रस्ताव के आधार पर इस प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित कार्य–निष्पादन मानकों का सामान्यतया 3 वर्षों की समय–सीमा के लिए छूट करारनामा की समस्त अवधि के दौरान प्रचालक द्वारा लगाए जाने वाले प्रशुल्क पर उल्लेखनीय प्रभाव पड़ेगा। वर्ष 2013 के दिशा–निर्देशों में परिकल्पित कार्य–निष्पादन संबद्ध प्रशुल्क की इस स्थिति को देखते हुए, यह उपयुकत है कि तकसंगतता स्तर पर कार्य–निष्पादन मानकों का प्रस्ताव देते समय महापत्तन न्यास यथोचित तत्परता बरतें और पर्याप्त सावधानी बरतें। यहां तक कि यदि पत्तन न्यास द्वारा प्रस्तावित कार्य–निष्पादन मानक, प्रबंधन किए जाने की दर से कम है, जो कि श्रेष्ठतम कवे क्षमता के आकलन में विचार में ली जाती है, तब वर्ष 2013 के दिशा–निर्देशों के अनुसार, बीओटी प्रचालक को यह विकल्प होगा कि वह कार्य–निष्पादन में किसी प्रकार का सुधार किए बिना छूट करारनामा में निर्धारित कार्य–निष्पादन मानकों से कम की उपलब्धि पर सूचीबद्ध सन्दर्भगत शुल्क के 15% से ऊपर प्रशुल्क बढ़ोत्तरी की मांग करे। इससे शायद वांछित प्रयोजन पूरा न हो जिसके लिए, प्रशुल्क बढ़ोत्तरी के कार्य–निष्पादन की उपलब्धि को संबद्ध करते हुए एमओएस द्वारा वर्ष 2013 के संशोधित दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं।

उपर्युकत स्थिति को ध्यान में रखते हुए, एमओएस से यह अनुरोध किया गया है कि वह तक संगत और पूर्ण करने योग्य मानकों, जो कि पीपीपी परियोजना की श्रेष्ठतम कवे क्षमता के आकलन में विचार में ली गई उत्पाद (संचालन) दर से कम न हो, के बारे में सभी महापत्तन न्यासों को अवगत कराए।

तदनुसार, पीपीटी के वर्तमान मामले में भी, कार्य–निष्पादन मानक निर्धारित है जो कि केपीटी की श्रेष्ठतम क्षमता के आकलन में विचार में ली गई उत्पाद(संचालन) दर पर आधारित है (जिसके आधार पर पीपीटी नेदरों को अपनाया है)। अतः लौह एवं इस्पात उत्पादों के मामले में 4000 टन प्रति दिन, कच्चे लोहे के मामले में 4505 टन प्रति दिन, तैयार उर्वरकों और खाद्यान्नों के मामले में 10000 टन प्रति दिन और चीनी के मामले में 7500 टन प्रतिदिन कार्य–निष्पादन मानक निर्धारित हैं। इसके अलावा, पहले बताए गए कारणों से, लोहे एवं इस्पात के उत्पादों के संबंध में 4000 टन प्रति दिन के कार्य–निष्पादन मानक, एल्युमीनियम गुट्टिकाओं के भी कार्य–निष्पादन मानक की तरह निर्धारित किए गए हैं।

तथापि, इस संबंध में यह मानना होगा कि केपीटी में परिकल्पित उत्पादकता का स्तर, जिसे कि कार्य–निष्पादन मानकों के रूप में शामिल किया जाता रहा है, 25 टन क्षमता की केन की संख्या 2 को लगाए जाने और 50 टन क्षमता की केन की संख्या–1 को लगाए जाने से है। यदि पीपीटी पर सफल बीओटी परिचालक 100 टन क्षमता की एचएमसी लगाता है, जिसकी संचालन क्षमता बेहतर है, वह कार्य–निष्पादन मानकों में निहित उत्पादकता को और केपीटी की उच्चतर दरों को अपनाकर, उससे और अधिक संभालने की स्थिति में होगा, पीपीटी में प्रचालक के अप्रत्याशित लाभ कमाने के अवसरों को नकारा नहीं जा सकता है। इस प्रकार के परिदृश्य से बचने के लिए यह उपयुकत समझा गया है कि पीपीटी सुविधा में लगाए जाने वाले उपकरण पर नियंत्रण स्थापित किया जाए। तदनुसार पीपीटी को सलाह दी जाती है कि वह पीपीटी में प्रस्तावित सुविधा पर या तो 25 टन क्षमता की केन की संख्या–2 और 50 टन क्षमता की केन की संख्या–1 (केपीटी के अनुसार) अथवा 60 टन क्षमता की एचएमसी अथवा इसकी सीमा में (जिसकी अपेक्षाकृत न्यून उत्पादकता हो सकती है जब 100 टन क्षमता की एचएमसी से तुलना की जाती है) लगाया जाना निर्धारित करें। पीपीटी को यह सलाह दी जाती है कि वह इस स्थिति को उचित रूप में बोली दस्तावेज में सम्मिलित करे और इसके पश्चात् सफल बोली देने वाले के साथ पीपीटी द्वारा निष्पादित किए जाने वाले छूट करारनामा में सम्मिलित करे।

पीपीटी ने विभिन्न कार्गो के लिए कार्य–निष्पादन मानकों को नियन्त्रित करने वाली शर्तें निर्धारित नहीं की हैं। इस बात को मानते हुए कि वर्ष 2013 के संशोधित दिशा–निर्देशों के खण्ड 2.2 में यह अपेक्षित है कि यह प्राधिकरण कार्य–निष्पादन मानकों को अधिसूचित करे, जैसा कि हमारे द्वारा संशोधित कार्य–निष्पादन मानकों को सन्दर्भगत प्रशुल्क अनुसूची के साथ अधिसूचित किया गया है।

(vii) जहाँ तक बर्थ किराया प्रभारों का संबंध है, यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि केपीटी कंटेनर टर्मिनल की सन्दर्भगत प्रशुल्क अनुसूची और साथ ही साथ केपीटी बहु प्रयोजनीय बर्थ की अपफ्रन्ट प्रशुल्क अनुसूची पृथक बर्थ किराया प्रभारों को निर्धारित करती है। उपलब्ध दो बर्थ किराया प्रभारों में से पीपीटी ने केपीटी बहुप्रयोजनीय बर्थ की अपफ्रन्ट प्रशुल्क अनुसूची में, जिसमें कि 26.15% तक यथाविधि बढोत्तरी की गई है, निर्धारित बर्थ किराया प्रभारों को स्वीकार करने के लिए प्रस्ताव दिया है। प्रसंगवश, उकत सूचीबद्ध दर को वर्ष 2013 में केपीटी टर्मिनल के लिए निर्धारित बर्थ भाड़ा प्रभार की तुलना में अपेक्षाकृत न्यून होने के रूप में देखा गया है। केपीटी बहुप्रयोजनीय बर्थ की अपफ्रंट प्रशुल्क अनुसूची में बर्थ किराया प्रभारों को अपनाने के लिए पीपीटी के निर्णय पर विश्लेषण में विश्वास किया गया है।

(viii) जहां तक दण्डात्मक बर्थ भाड़ा प्रभारों का संबंध है, पीपीटी ने केपीटी कंटेनर टर्मिनल की सन्दर्भगत प्रशुल्क अनुसूची में यथा निर्धारित दण्डात्मक बर्थ भाड़ा प्रभारों को अपनाने के लिए प्रस्ताव किया है, कयोंकि केपीटी की बहुप्रयोजनीय बर्थ की अपफ्रन्ट प्रशुल्क अनुसूची कोई दण्डात्मक बर्थ भाड़ा प्रभार निर्धारित नहीं करती है। कयोंकि प्रस्तावित कर दण्डात्मक प्रकृति का है, अतः यह पीपीटी की सन्दर्भगत प्रशुल्क अनुसूची में निर्धारित है।

(ix) पहले बताए गए कारणों के लिए, आने वाले प्रत्येक वर्ष के लिए संदर्भगत प्रशुल्क सीमामें स्वतः समायोजन हेतु पीपीटी की सन्दर्भगत प्रशुल्क अनुसूची में निम्नलिखित सामान्य टिप्पणी निर्धारित की गईहै।

''प्रशुल्क सीमा को मुद्रास्फीति के अनुसार सूचकांकित किया जाएगा परन्तु यह केवल 1 जनवरी 2013 और संबंधित वर्ष की 1 जनवरी, के बीच के थोक–मूल्य सूचकांक (डब्लूपीआई) में परिवर्तन 60% की सीमा तक होगा। प्रशुल्क सीमा का ऐसा

समायोजन प्रत्येक वर्ष किया जाएगा और समायोजित प्रशुल्क सीमा संबंधित वर्ष के 1 अप्रैल से आगामी वर्ष के 31 मार्च तक लागू होगी।''

10.1 उपर्युक्त के अधीन सन्दर्भगत प्रशुल्क को नियंत्रित करने वाली शर्तों के साथ सन्दर्भगत प्रशुल्क अनुसूची को संशोधित कर दिया गया है।

10.2 संशोधित सन्दर्भगत प्रशुल्क अनुसूची को अनुलग्नक–I के रूप में संलग्न किया जाता है और हमारे द्वारा यथासंशोधित पीपीटी में बहुप्रयोजनीय कार्गो बर्थ के लिए कार्य–निष्पादन मानकों को अनुलग्नक–II के रूप में संलग्न किया जाता है।

10.3 परिणामस्वरूप और ऊपर दिए गए कारणों के लिए और सामूहिक सद्विचारों के आधार पर यह प्राधिकरण, पीपीटी में बहुप्रयोजनीय कार्गो बर्थ के लिए यथासंशोधित सन्दर्भगत प्रशुल्क अनुसूची का अनुमोदन करता है और संशोधित कार्य–निष्पादन मानकों के साथ इसे अधिसूचित करता है।

10.4 वर्ष 2013 के संशोधित प्रशुल्क दिशा–निर्देशोंके खण्ड 2.5 के अनुसार, इस प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित सन्दर्भगत प्रशुल्क और कार्य–निष्पादन मानकों का उल्लेख, बोली दस्तावेज में किया जाएगा और बाद में पीपीपी परियोजनाओं से संबंधित छूट करारनामा में उल्लेख किया जाएगा। तदनुसार, पीपीटी को सूचित किया जाता है कि यह बोली दस्तावेज में सन्दर्भगत प्रशुल्क और कार्य–निष्पादन मानकों को सम्मिलित करे और बाद में सहमति के अनुसार पीपीपी परियोजनाओं से संबंधित छूट करारनामा में उल्लेख किया जाए।

11.1 वाणिज्यिक परिचालन (सीओडी) की तिथि से इसी वित्तीय वर्ष के 31 मार्च तक प्रशुल्क , इस वर्ष के संबंधित सूचकांक सन्दर्भगत प्रशुल्क तक सीमित रखा जाए, जो कि अधिकतम सीमा होगी। वर्ष 2013 के प्रशुल्क दिशा–निर्देशों के पैरा 2.2 में किए गए प्रावधान के अनुसार सूचकांक के आधार पर प्रत्येक वर्ष उपर्युकत सन्दर्भगत प्रशुल्क स्वतः संशोधित हो जाएगा, जो कि समग्र छूट अवधि के लिए लागू होगा।

तथापि, पीपीपी परिचालक को यह छूट होगी कि वह परिचालन के दूसरे वर्ष के बाद से कार्य–निष्पादन मानकों (''कार्य–निष्पादन सम्बद्ध प्रशुल्क '') के साथ प्रशुल्क का प्रस्ताव भेजे। इस प्रकार का कार्य–निष्पादन, संबंधित वित्तीय वर्ष के लिए आगामी वित्तीय वर्ष की पहली अप्रैल से पूर्व, कम से कम 90 दिनों पर, संबंधित वर्ष के लिए सूचकांकित सन्दर्भगत प्रशुल्क के अतिरिकत होगा। इस प्रकार का कार्य–निष्पादन सम्बद्ध प्रशुल्क , संबंधित वर्ष के लिए सूचकांकित संदर्भगत प्रशुल्क से 15% से ऊपर एवं उससे अधिक नहीं होगा (यह प्रशुल्क की सीमा होगी)। कार्य–निष्पादन संबद्ध प्रशुल्क आगामी वित्तीय वर्ष के पहले दिन से लागू होगा और और समग्र वित्तीय वर्ष के लिए लागू रहेगा।

11.2 परियोजना के छूट करारनामा के अन्तर्गत नियुकत किए गए स्वतंत्र अभियन्ता से एक प्रमाण–पत्र के साथ इस प्राधिकरण को यह प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा जिसमें पिछले 12 महीनों में कार्य–निष्पादन की उपलब्धियों का उल्लेख किया गया है, जैसा कि छूट करारनामा में अथवा परिचालन के प्रथम वर्ष के परिचालन के महीनों की वास्तविक संख्या के लिए, जैसा भी मामला हो, समाविष्ट किया गया हो।

11.3 प्रस्ताव की प्राप्ति पर यह प्राधिकरण वर्ष 2013 के प्रशुल्क दिशा–निर्देशों के पैरा 5 में यथा रेखांकित कार्य–निष्पादन मानकों की उपलब्धि पर प्रस्ताव–प्राप्ति के 7 दिन के अन्दर पीपीटी के विचारों की अपेक्षा करेगा।

11.4 परिचालक द्वारा पिछले 12 महीनों में छूट करारनामा में यथा समाविष्ट कार्य–निष्पादन मानकों में उपलब्धि प्राप्त न करने की स्थिति में यह प्राधिकरण आगामी वित्तीय वर्ष के लिए कार्य–निष्पादन संबद्ध प्रशुल्क की अधिसूचना के प्रस्ताव पर विचार नहीं करेगा और प्रचालक आगामी वर्ष के लिए ही केवल लागू सूचकांकित सन्दर्भगत प्रशुल्क का पात्र होगा।

11.5 पीपीटी के विचारों पर ध्यान दिए जाने के पश्चात् यदि यह प्राधिकरण इस बात के लिए संतुष्ट है कि छूट करारनामा में समाविष्ट कार्य–निष्पादन मानक प्राप्त कर लिए गए हैं तो यह 15 मार्च तक कार्य–निष्पादन संबद्ध प्रशुल्क को अधिसूचित कर देगा जो कि आगामी वित्तीय वर्ष की पहली अप्रैल से लागू होगा।

11.6 कार्य–निष्पादन से संबद्ध प्रशुल्क के प्रस्ताव पर विचार करते समय यह प्राधिकरण कार्य–निष्पादन मानकों और प्रचालन द्वारा इनका पालन किए जाने पर ध्यान देगा। यह प्राधिकरण प्रचालक द्वारा कार्य–निष्पादन मानकों की उपलब्धि अथवा अन्यथा के आधार पर कार्य–निष्पादन संबद्ध प्रशुल्क प्रस्ताव को स्वीकार अथवा रद्द किए जाने पर निर्णय लेगा। सूचीबद्ध सन्दर्भगत प्रशुल्क और कार्य–निष्पादन संबद्ध प्रशुल्क का निर्धारण वर्ष 2013 के प्रशुल्क दिशा–निर्देशोंके साथ संबद्ध परिशिष्ट में दर्शाए गए दृष्टांत के अनुसार होगा।

11.7 परिचालन के तीसरे वर्ष से पीपीपी प्रचालक से कार्य–निष्पादन संबद्ध प्रशुल्क प्रस्ताव इस प्राधिकरण द्वारा स्वतः ही अधिसूचित कर दिया जाएगा, बशर्ते कि स्वतंत्र अभियन्ता द्वारा यथा प्रमाणित, पिछले 12 महीनों में कार्य–निष्पादन मानकों में उपलब्धि हुई हो। तीसरे वर्ष से आगे कार्य–निष्पादन संबद्ध प्रशुल्क के लिए पीपीपी प्रचालक स्वतंत्र अभियन्ता से उपलब्धि प्रमाण–पत्र के साथ 15 मार्च तक कार्य–निष्पादन प्रशुल्क प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा और यह प्राधिकरण आगामी वित्तीय वर्ष से लागू होने वाले कार्य–निष्पादन संबद्ध प्रशुल्क को 20 मार्च तक अधिसूचित करेगा।

11.8 यदि किसी प्रयोगकर्त्ता को इस प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित कार्य–निष्पादन मानकों के अनुसार पीपीपी प्रचालक द्वारा उपलब्धि न किए जाने के बारे में कोई शिकायत हो तो वह अपना अभ्यावेदन इस प्राधिकरण को भेजेगा, जो इसके पश्चात् अभ्यावेदन की जांच करेगा और अपनी जांच–रिपोर्ट संबंधित महापत्तन न्यास को भेज देगा। संबंधित महापत्तन न्यास संबंधित छूट करारनामा के प्रावधानों के अनुसार जांच–रिपोर्ट पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगा।

11.9 छूट करारनामा के हस्ताक्षर होने के 15 दिन के अन्दर संबंधित प्रचालक इस प्राधिकरण को छूट करारनामा प्रेषित करेगा जो इसे इसकी वैबसाइट में डालेगा।

11.10 पीपीपी प्रचालक, कार्गो ट्रैफिक, शिप बर्थ के दैनिक उत्पाद, जलयानों के टर्न एराउण्ड के औसत समय, बर्थ मिलने से पूर्व औसत प्रतीक्षा समय और साथ ही साथ प्रत्येक बर्थ के लिए वसूल किए गए प्रशुल्क के संबंध में तिमाही रिपोर्टें इस प्राधिकरण को प्रस्तुत करेगा। पीपीपी प्रचालक द्वारा प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के बाद वाले माह के अन्दर तिमाही रिपोर्टें प्रस्तुत की जाएँगी। इस प्राधिकरण द्वारा अपेक्षित अन्य कोई सूचना भी समय–समय पर इस प्राधिकरण को प्रस्तुत की जाएंगी।

11.11 यह प्राधिकरण पीपीपी प्रचालक से प्राप्त ऐसी सभी सूचनाओं को अपनी वैबसाइट पर डालेगा। तथापि, यह प्राधिकरण भेजे गए कुछ आंकड़ों/जानकारी को प्रकाशित न किए जाने के बारे में पीपीपी प्रचालक के अनुरोध पर विचार करेगा, जो कि वाणिज्यिक तौर पर संवेदनशील हो सकती हैं। ऐसे अनुरोधों के साथ सन्दर्भित आंकड़ों/सूचनाओं की वाणिज्यिक संवेदनशीलता के संबंध में विस्तृत औचित्य बताने के साथ ही प्रकाशित किए जाने पर उनके राजस्व/परिचालन पर संभावित प्रतिकूल प्रभाव भी बताए जाएं। इस संबंध में प्राधिकरण का निर्णय अन्तिम होगा।

टी. एस. बालासुब्रह्मण्यन, सदस्य (वित्त)

[विज्ञापन III/4/असाधारण/143/13]

अनुलग्नक–I

पारादीप पत्तन न्यास

बहु–प्रयोजनीय कार्गो बर्थ के लिए संदर्भगत प्रशुल्क अनुसूची

अध्याय 1– परिभाशाएँ तथा सामान्य नियम एवं शर्तें

1.1 परिभाषाएँ–सामान्य

(i) **''तटीय जलयान''** से आशय भारत में किसी पत्तन अथवा स्थान तथा भारत में किसी अन्य पत्तन अथवा स्थान के बीच व्यापार में पूर्णतः प्रयुकत किसी जलयान से है, जिसके पास सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध तटीय लाइसेंस हो।

(ii) **''विदेश–गामी जलयान''** से आशय तटीय जलयान से भिन्न किसी अन्य जलयान से है।

(iii) **''एफसीएल''** से आशय ऐसे कंटेनरों से है, जिसमें कंटेनर का पूर्ण भार हो।

(iv) **''एलसीएल''** से आशय ऐसे कंटेनरों से है, जिसमें कंटेनर के पूर्ण भार से कम भार हो (ऐसा कंटेनर जिसमें एक से अधिक आयातक/निर्यातक का माल हो)।

(v) **''जोखिम वाला कंटेनर''** से आशय ऐसे कंटेनर से है, जिसमें आईएमओ के अंतर्गत यथा वर्गीकृत जोखिम वाला माल हो।

(vi) **''आयात कंटेनर''** से आशय कंटेनर यार्ड में भंडारित किसी जलयान से उतारा गया माल तथा सड़क अथवा गाड़ी द्वारा माल का परिवहन करना।

(vii) **''निर्यात कंटेनर''** से आशय सड़क अथवा गाड़ी से पहुंचे कंटेनर को कंटेनर यार्ड में भंडारित करना तथा निर्दिष्ट जलयान में माल लादना।

(viii) **''पत्तन क्षेत्र''** से आशय पत्तन का सीमाशुल्क–बद्ध क्षेत्र/पत्तन का परिचालन संबंधी क्षेत्र।

(ix) **''सामान्य कंटेनर''** से आशय सामान्य किस्म के कंटेनरों से है, जो विशिष्ट श्रेणियों में न आते हों, जिन्हें बाद में उल्लेख किया गया हो।

(x) **''रीफर कंटेनर''** से आशय खराब होने वाले माल के वहन में प्रयुकत होने वाले शीतल (रेफ्रिजरेटिड) कंटेनर से है, जिसमें विद्युत सप्लाई का प्रावधान हो ताकि अपेक्षित तापमान को बनाए रखा जा सके।

(xi) **''जोखिम वाला कंटेनर''** से आशय आईएमओ के अंतर्गत यथा वर्गीकृत जोखिम वाले माल से युकत कंटेनर से है।

(xii) **''वाहन–अंतरणीय कंटेनर''** से आशय ऐसे कंटेनर से है, जो यार्ड में भंडारित एक जलयान से उतारा गया माल तथा दूसरे जलयान में परिवहन किया गया।

(xiii) **''आयाम से अधिक कंटेनर''** से आशय ऐसे कंटेनर से है, जिसमें मानक कंटेनर के सामान्य आकार से अधिक 'आयाम–अधिक कार्गो' का वहन करने वाले कंटेनर से है तथा जिसमें विशेष प्रकार के उपकरणों जैसे स्लिंग, शैकल्स, सामान को उठाने वाली बीम इत्यादि की आवश्यकता पड़ती है।

(xiv) **''शट–आउट कंटेनर''** से आशय ऐसे कंटेनर से है, जो एक विशिष्ट जलयान (जैसा कि जलयान पहचान सलाह संख्या अर्थात् वीआईए संख्या) के लिए आयात इनटेक के रूप में पत्तन में प्रवेश करता है तथा किन्हीं भी कारणों से कंटेनर विशिष्ट प्रकार के जलयान से नहीं जुड़ पाता है तो कनटेनर को 'शट–आउट' कहा जाता है।

(xv) **''बैंक टू टाउन कंटेनर''** से आशय ऐसे कंटेनर से है जो निर्यात के लिए पत्तन में प्रवेश करता है किन्तु किसी भी कारण से निर्यात नहीं हो पाता है तथा टाउन में वापस भेज दिया जाता है।

(xvi) **''वीआईएएन''** से आशय जलयान पहचान सलाह संख्या से है।

(xvii) **''प्रति दिन''** से आशय प्रत्येक कैलेण्डर दिवस से है, जब तक कि अन्यथा उल्लेख न किया गया है।

1.2 <u>सामान्य शर्तें एवं नियम</u>

(i) (क) व्यापार के सामान्य लाइसेंस वाला, भारतीय ध्वज वाला विदेश–गामी जलयान, सीमाशुल्क रूपांतरण आदेश के आधार पर तटीय मार्ग में परिवर्तित हो सकता है।

(ख) विदेशी ध्वज वाला विदेश–गामी जलयान, महानिदेशक, जहाज द्वारा जारी तटीय समुद्रीयात्रा लाइसेंस के आधार पर तटीय मार्ग में परिवर्तित हो सकता है।

(ग) इस प्रकार का परिवर्तन होने के मामलों में, तटीय दरें उस समय से लदान–पत्तन द्वारा प्रभार्य होंगीं, जब जलयान तटीय–माल लादना प्रारंभ कर देता है।

(घ) इस प्रकार का परिवर्तन होने के मामलों में तटीय दरें केवल तब तक प्रभार्य होंगीं, जब तक कि जलयान, तटीय कार्गो को उतारने का कार्य पूरा नहीं कर लेता, उसके शीघ्र बाद विदेश–गामी दरें, डिसचार्ज पत्तनों द्वारा प्रभार्य होंगीं।

(ड.) महानिदेशक, जहाज से तटीय लाइसेंस प्राप्त समर्पित भारतीय तटीय जलयानों के लिए कोई अन्य दस्तावेज तटीय दरों की पात्रता के लिए अपेक्षित नहीं होगा।

(ii) जलयान की स्थिति ही, जैसी कि सीमाशुल्क द्वारा अथवा महानिदेशक, जहाज द्वारा जारी प्रमाणपत्र में उल्लिखित हो, जलयान से संबंधित प्रभारों को लगाने के प्रयोजन की दृष्टि से 'तटीय' अथवा 'विदेश–गामी' श्रेणी में वर्गीकृत करने के उद्देश्य से निर्णायक कारक होगी तथा कार्गो की किस्म अथवा प्रारंभ, इस प्रयोजन के लिए कोई महत्व नहीं रखेगा।

(iii) जलयान से संबंधित प्रभार, जहाज के स्वामी/स्टीमर एजेंट पर लगाए जाएँगे।

(iv)(क) सभी तटीय जलयानों के लिए जलयान से संबंधित प्रभार, अन्य जलयानों के लिए तदनुरूपी प्रभारों के 60% से अधिक नहीं होंगे।

(ख) सभी तटीय जलयानों के लिए कंटेनर से संबंधित प्रभार सामान्य कंटेनर से संबंधित प्रभारों के 60% से अधिक नहीं होंगे।

(ग) कंटेनर से संबंधित प्रभारों के मामले में मिश्रित बॉकस दर पर रियायत लागू है। जहाँ मद–वार प्रभार लगाए जाते हैं, वहाँ समुद्र–तट स्थानांतरण के लिए सभी सम्बद्ध प्रभारों पर रियायत लागू होगी।

(घ) इस रियायत के प्रयोजन के लिए, विदेशी पत्तन से कंटेनर, जो भारतीय पत्तन 'क' से आगे पारगमन के लिए भारतीय पत्तन 'ख' में पहुँचता है, तटीय समुद्री यात्रा के लिए संबद्ध प्रभारों के लिए भी पात्र होगा। दूसरे शब्दों में, तटीय समुद्री–यात्रा शुरू करने के लिए अनुमति प्राप्त जलयानों द्वारा भारतीय पत्तनों से/तक उठाए गए कार्गो/कंटेनर, इस रियायत के लिए पात्र होंगे।

(ड.) तटीय कंटेनरों/जलयानों के लिए प्रभार, भारतीय रुपयों में रखे जाएँगे एवं एकत्र किए जाएँगे।

(v) विलंबित अदायगियों/वसूलियों पर ब्याज :

(क) इन दरों के मान के अंतर्गत विलंबित अदायगियों पर दंड ब्याज प्रयोकता अदा करेगा। इसी प्रकार से, आपरेटर विलंबित वसूलियों पर दंड ब्याज देगा।

(ख) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की उधार की प्राथमिक ब्याज दर से 2% अधिक दंड की ब्याज दर होगी। दंड ब्याज दर आपरेटर एवं पत्तन का उपयोग करने वालों दोनों पर समानरूप से लागू होगी।

(ग) वसूली में विलंब की गणना, सेवाओं के पूरा होने की तारीख से अथवा प्रयोकताओं द्वारा अपेक्षित सभी दस्तावेजों के प्रस्तुत करने पर, जो भी बाद में हो, 20 दिन होगी।

(घ) प्रयोकताओं द्वारा अदायगियों में विलंब की गणना, आपरेटर द्वारा बिलों को प्रस्तुत करने की तारीख के बाद केवल 10 दिन होगी। तथापि, यह प्रावधान उन मामलों में लागू नहीं होगा, जहाँ अदायगी, महापत्तन न्यास अधिनियम में यथा विनिर्दिष्ट पत्तन न्यास की सेवाओं/संपत्तियों का उपयोग करने से पूर्व की जानी है/अथवा जहाँ प्रभारों की अदायगी अग्रिम रूप में, दरों के मान में एक शर्त के रूप में निर्धारित हो।

(vi) सभी प्रभारों को प्रत्येक बिल के कुल योग में रुपए के अगले ऊँचे स्तर में पूर्णांकित किया जाएगा।

अध्याय–2 कंटेनर से संबंधित प्रभार

2.1 सामान्य शर्तें एवं नियम :

(i) एक कंटेनर जो मूल रूप से पारगमन कंटेनर के रूप में घोषित किया गया था, जिसे बाद में गाड़ी अथवा सड़क परिवहन से ले जाया गया, पारगमन कंटेनर के रूप में अपनी पहचान खो देगा तथा इसे सामान्य आयात कंटेनर के रूप में माना जाएगा तथा निर्धारित प्रभार, यथा लागू, देय होंगे।

(ii) 20′ से कम अथवा 20′ तक के कंटेनर एक टीईयू (बीस के समकक्ष यूनिट) के रूप में गिने जाएँगे तथा 20′ से अधिक तथा 40′ तक के कंटेनर एफईयू (चालीस के समकक्ष यूनिट) के रूप में, प्रशुल्क के प्रयोजन की दृष्टि से, गिने जाएँगे।

(iii) लम्बाई में 20′से अधिक तथा चौड़ाई में 40′ तक के कंटेनरों के लिए सभी प्रभार, निर्धारित लागू प्रभारों के 150 प्रतिशत होंगे।

